# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा
# हिंदी विभाग

# परास्नातक प्रोग्राम आउटकम (PO) – हिंदी

- भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत हिंदी साहित्य के विभिन्न कालों से परिचय कराना। उनके विकास, पृष्ठभूमि, प्रवृत्तियाँ एवं महत्त्व को स्पष्ट करना।
- भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र के बुनियादी सिद्धांतों से विद्यार्थियों को अवगत कराना तथा उसकी परम्परा एवं स्वरूप बताना।
- आधुनिक कथा साहित्य एवं गद्य के विविध रूपों से उन्हें अवगत कराना तथा हिंदी गद्य लेखकों के महत्त्वपूर्ण प्रदेय से अवगत कराना।
- आदिकाल से लेकर आधुनिक काल के प्रमुख कवियों एवं उनकी रचनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराना, जिससे वह सब एक सुखी, सुंदर एवं शोषणमुक्त संवेदनशील समाज का निर्माण कर सकें।
- पत्रकारिता प्रशिक्षण के अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थियों में रोजगारपरकता की अभिवृद्धि करना।
- हिंदी दलित विमर्श, किन्नर विमर्श, आदिवासी विमर्श के माध्यम से हाशियाकृत समाज के प्रति संवेदनशीलता का विकास करना।

- भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा के अध्ययन द्वारा भाषा के उद्भव एवं विकास एवं देवनागरी लिपि के प्रति अधिक समझ विकसित करना।

- भारतीय साहित्य के विविध रूपों यथा- आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक आदि से परिचित होना एवं भारत की गौरवशाली परम्परा एवं स्वर्णिम इतिहास के प्रति जागरूक होना।

- हिंदी के प्रमुख आलोचकों की आलोचना दृष्टि का अध्ययन करना जिससे विषय के प्रति समझ में गुणात्मक वृद्धि सम्भव होगी।

- हिंदी नाटक एवं निबंध के अध्ययन एवं विश्लेषण के माध्यम से समाज से आभ्यन्तरिक स्तर पर जुड़ सकने में सक्षम होना।

-----

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE, GONDA

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा

AN AFFILIATED COLLEGE OF DR RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA,(U.P)

# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा
# हिंदी विभाग

# परास्नातक कोर्स आउटकम (CO) – हिंदी

| सेमेस्टर | पेपर कोड | पेपर शीर्षक | कोर्स आउटकम |
|---|---|---|---|
| एम.ए. प्रथम सेमेस्टर | A010701T (CORE) | हिंदी साहित्य का इतिहास (आदिकाल से रीतिकाल) | विद्यार्थियों को हिंदी के आदिकाल, भक्तिकाल और रीतिकाल के विषय में जानकारी देना तथा भारतीय ज्ञान परम्परा में हिंदी साहित्य के विभिन्न कालों का परिचय, विकास, पृष्ठभूमि, प्रवृत्तियाँ आदि से परिचय कराना। |
| | A010702T (CORE) | भक्तिकालीन हिंदी काव्य (कबीर, जायसी, तुलसीदास, सूरदास) | हिंदी के भक्तिकालीन कवियों की कविताओं, भावगत तथा शिल्पगत विशेषताओं के बारे मे जानकारी देना। |
| | A010703T (CORE) | भारतीय काव्यशास्त्र एवं प्रमुख सिद्धांत | भारतीय काव्यशास्त्र के बुनियादी सिद्धांतों एवं काव्य के मूलभूत तत्त्वों से विद्यार्थियों को अवगत कराना, उसके परम्परा और स्वरूप को स्पष्ट करना। |
| | A010704T (FIRST ELECTIVE) | आधुनिक हिंदी कथा साहित्य | विद्यार्थियों को उपन्यास और कहानी के उद्भव और विकासक्रम के बारे में जानकारी प्रदान करना। |
| | A010705T (FIRST ELECTIVE) | आधुनिक हिंदी के विविध गद्य रूप | विद्यार्थियों को गद्य की सभी विधाओं का सम्यक ज्ञान प्रदान करना तथा इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं की तलाश करना। |
| | A010706P (SECOND ELECTIVE) | स्वयं के यात्रावृत्त/ रिपोर्ताज/ किसी लेखक के साथ साक्षात्कार अथवा | विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, रचनाधर्मिता और उनके लेखन कौशल को उभारना, उनमें संचित संभावनाओं को तलाशना। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | संस्मरण आदि पर न्यूनतम 8000 शब्दों में लेखन | |
| | A010707P (SECOND ELECTIVE) | परियोजना प्रस्तुति (आदिकाल से मध्यकाल के किसी कवि, लेखक या रचना से संबंधित) | विद्यार्थियों की अनुसंधान के प्रति दृष्टि विकसित करना। |
| सेमेस्टर | **पेपर कोड** | **पेपर शीर्षक** | **कोर्स आउटकम** |
| एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर | A010801T (CORE) | रीतिकालीन हिंदी काव्य (बिहारी, देव, केशव, घनानंद) | रीतिकालीन कवियों से विद्यार्थियों का परिचय कराना तथा रीतिकालीन हिंदी कविता के विकास क्रम से अवगत कराना। |
| | A010802T (CORE) | आधुनिक हिंदी काव्य (भारतेंदु से छायावाद युग तक) | आधुनिक हिंदी कवियों की रचनात्मक वैचारिकी, संप्रेषण कला, राष्ट्र निर्माण में आधुनिक काव्य की प्रभावी भूमिका तथा समकालीन भारत के विविध संघर्ष और चुनौतियों के प्रति नवीन जीवन बोध और मूल्यबोध विकसित करना। |
| | A010803T (CORE) | हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल) | आधुनिक युग की भूमिका, नवजागरण और राष्ट्रीय चेतना का विकास, भारतीय साहित्य में नवजागरण और राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति से विद्यार्थी भलीभाँति परिचित हो सकेंगे। |
| | A010804T (THIRD ELECTIVE) | पाश्चात्य काव्य शास्त्र एवं प्रमुख वाद | पाश्चात्य काव्यशास्त्र की परम्परा, प्रमुख सिद्धांत और पाश्चात्य विद्वानों के जीवन दर्शन और उनकी संकल्पना से अवगत होना। |
| | A010805T (THIRD ELECTIVE) | हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार | विद्यार्थी साहित्य के मूलभूत स्वरूप, रोजगारपरक स्वरूप और हिंदी में रोजगार की असीम संभावनाओं के बारे में परिचित हो सकेंगे, साथ ही इस क्षेत्र में कैरियर हेतु इच्छुक विद्यार्थी तैयार हो सकेंगे। |
| | A010806P (FORTH ELECTIVE) | हिंदी दलित विमर्श का सामाजिक परिप्रेक्ष्य | विद्यार्थी दलित विमर्श की वैचारिकी तथा दलित समाज की सामाजिक स्थिति का अवलोकन कर सकेंगे। |
| | A010807P (FORTH ELECTIVE) | आदिवासी विमर्श का सामाजिक परिप्रेक्ष्य | विद्यार्थी आदिवासी समाज, उनके जीवन संघर्ष, संस्कृति और परम्परा का अनुशीलन कर सकेंगे। |

| सेमेस्टर | पेपर कोड | पेपर शीर्षक | कोर्स आउटकम |
|---|---|---|---|
| एम.ए. तृतीय सेमेस्टर | A010901T (CORE) | आधुनिक हिंदी काव्य (प्रगतिवाद से अद्यतन) | आधुनिक काव्य के उद्भव, विकास, आधुनिक कवियों की सृजनात्मकता, वैचारिकी और संप्रेषण कला से परिचित हो सकेंगे। |
| | A010902T (CORE) | भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा का विकास | हिंदी भाषा के उद्भव एवं विकास, देवनागरी लिपि का स्वरूप, राजभाषा, हिंदी की संवैधानिक स्थिति से परिचित हो सकेंगे। |
| | A010903T (CORE) | भारतीय साहित्य – अवधारणा, सिद्धांत व चयनित रचनाएँ | भारत के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक संकट की स्थिति, चुनौती से अवगत होंगे तथा स्वर्णिम, गौरवशाली इतिहास, परम्परा और संस्कृति के ज्ञान से समृद्ध होंगे। |
| | A010904T (FIFTH ELECTIVE) | हिंदी साहित्य और सिनेमा | छात्र सिनेमा और साहित्य के अंतर्संबंध, साहित्य के सिनेमाई रुपान्तरण की प्रक्रिया, स्वरुप एवं आधारभूत जानकारियों से परिचित हो सकेंगे तथा राष्ट्र निर्माण में साहित्य और सिनेमा की प्रभावी भूमिका से परिचित हो सकेंगे। |
| | A010905T (FIFTH ELECTIVE) | अस्मिता विमर्श एवं स्त्री लेखन का सामाजिक, सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य | स्त्री विमर्श के स्वरुप, अवधारणा, मूल संकल्पना, वैचारिकी एवं स्त्री जीवन की चुनौतियों तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से परिचित हो सकेंगे। |
| | A010906P (SIXTH ELECTIVE) | न्यूनतम 5 सेमिनार एवं उसकी प्रस्तुति | सेमिनार की प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों में विषय के प्रति शोधपरक दृष्टि विकसित हो सकेगी। |
| | A010907P (SIXTH ELECTIVE) | हिंदी साहित्य से संबंधित परियोजना प्रस्तुति (आधुनिक काल के किसी कवि, लेखक या उसकी रचना से संबंधित) | अंतर्गत छात्रों में विषय के प्रति गहरी समझ एवं अनुसंधान के प्रति दृष्टि विकसित हो सकेगी। |

| सेमेस्टर | पेपर कोड | पेपर शीर्षक | कोर्स आउटकम |
|---|---|---|---|
| एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर | A011001T (CORE) | आधुनिक हिंदी आलोचना – मान्यताएँ एवं प्रमुख वाद | विद्यार्थी हिंदी के प्रमुख आलोचकों की आलोचकीय दृष्टि एवं विचार का अध्ययन कर सकेंगे। |
| | A011002T (CORE) | हिंदी नाटक एवं निबंध | हिंदी नाटककारों के व्यक्तित्व एवं उनकी नाट्यकला, नाटकों पर पाश्चात्य प्रभाव, हिंदी नाटकों की अभिव्यक्ति शैली, प्रमुख निबंधकारों के जीवन दर्शन और उनकी विचारधारा, निबंधों की मूल संवेदना, विकास यात्रा, भावगत एवं कलागत विशिष्टताओं से परिचित हो सकेंगे। |
| | A011003T (SEVEN ELECTIVE) | कबीर, सूरदास, तुलसीदास, जयशंकर प्रसाद एवं धूमिल (किसी एक रचनाकार का विशेष अध्ययन) | विद्यार्थियों को रचनाकारों के जीवन दर्शन और उनकी साहित्यिक रचनाओं में निहित विचार धारा और मूल्यबोध को समझने की दृष्टि विकसित हो सकेगी। |
| | A011004T (SEVEN ELECTIVE) | किन्नर विमर्श का सामाजिक परिप्रेक्ष्य | छात्र किन्नरों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक संघर्ष एवं चुनौतियों से परिचित हो सकेंगे। |
| | A011005T (RESEARCH PROJECT / DISSER – TATION) | विभाग द्वारा निर्धारित विषय पर लघुशोध प्रबंध एवं तद्आधारित साक्षात्कार/ मौखिकी | छात्रों में व्यापक अनुसंधान की दृष्टि विकसित हो सकेगी। |

-----